यही है वो द्वार राधे रानी का भजन लिरिक्स

यही है वो द्वार राधे रानी का,

दोहा – मुझे रास आ गया है,
तेरे दर पे सर झुकाना,
तुझे मिल गया पुजारी,
मुझे मिल गया ठिकाना।

सर को यहाँ झुका लो,
मुंह माँगा वर यहाँ पा लो,
यही हैं वो द्वार राधे रानी का,
सच्चा है दरबार राधे रानी का।bd।

सच्चे मन से जो भी इनके,
चरणों में आ जायेगा,
पाप कटेंगे उसके,
बरसाने जो जायेगा,
राधे के दर्शन करलो,
तुम झोली अपनी भर लो,
यही हैं वो द्वार राधे रानी का,
सच्चा है दरबार राधे रानी का।bd।

यही है वो ज्योत जिसका,
जग में उजाला है,
भूलों को राह दिखाए,
राधे जी का द्वारा है,
मन की मुरादें पा लो,
गुणगान इनका गा लो,
यही हैं वो द्वार राधे रानी का,
सच्चा है दरबार राधे रानी का।bd।

यही है वो द्वार जो,
जग से निराला है,
चरणों का चाकर यहाँ,
नन्द जू का लाला है,
इसके बराबर भी भगवान नहीं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गोविन्द के दर्शन पा लो,
यही हैं वो द्वार राधे रानी का,
सच्चा है दरबार राधे रानी का।bd।

सर को यहाँ झुका लो,
मुंह माँगा वर यहाँ पा लो,
यही है वो द्वार राधे रानी का,
सच्चा है दरबार राधे रानी का।bd।

Singer – Pt. Govinda Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com